हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 30 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

08 अमलीडीह में सरकारी जमीन कब्जा मुक्त चंगोराभाठा में कबाड़ी दुकान तोड़ी

10 एनएसएस कैंप के समापन समारोह में शामिल हुए कुलपति डॉ. पटैरिया

## खबर संक्षेप

### मूरा में घासीदास जयंती आज

**बंगोली।** ग्राम मूरा में गुरु घासीदास जयंती समारोह आज मनाया जायेगा। इसके साथ ही जय सतनाम युवा संगठन समिति के ओर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। झंडारोहण दोपहर 1 बजे होगा, जहां जैतखाम पर पालो चढ़ाया जाएगा। शाम 5 बजे पंथी नृत्य तथा मनोरंजन के लिए रात्रि कालीन कार्यक्रम रात्रि 10 बजे से मनमोहिनी गुइयां हेमलाल चतुर्वेदी की प्रस्तुति होगी।

### 2 जनवरी को लगेगा विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

**मुड़पार-सरसीवां।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर नगरपालिका सारंगढ़ और नगर पंचायत बिलाईगढ़ में मंगलवार 2 जनवरी को लगाया जाएगा। यह शिविर सारंगढ़ के तुर्की तालाब के पास जवाहर भवन परिसर में सुबह 8 बजे से होगा, वहीं बिलाईगढ़ के वार्ड 7 इंदिरा मार्केट में दोपहर 2 बजे होगा। इस वीबीएसवाय शिविर में पीएम आवास योजना, पीएम स्व निधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला आदि योजनाओं का स्टॉल लगाया जाएगा, जहां सभी नागरिकों को योजनाओं के लाभ के साथ-साथ आवेदन, आयुष्मान और आधार कार्ड अपडेशन किया जाएगा। वीबीएस यात्रा में बिहान समूह की महिलाओं और स्कूली बच्चों द्वारा धरती कहे पुकार के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

### इमलीभाठा में घर के सामने मारपीट जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ईमलीभाठा में घर के सामने मारपीट करने वाले एक के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। प्रार्थी चंदन साहू पिता रामूलाल 45 वर्ष निवासी महामाया पारा निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि भूपेन्द्र शर्मा वार्ड नंबर 3 ईमलीभाठा निवासी द्वारा अपने घर के सामने अश्लील गाली गलौज करते हुए हॉकी स्टिक से मारपीट किया, जिससे उसे चोंट पहुंची है। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सायकल सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर

**महासमुंद।** बसना थाना के बानीपाली गांव के निवासी कलीराम जगत को बजाज बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडब्लु 9163 के चालक ने एनएच53 रोड़ बस स्टैंण्ड ग्राम बरबसपुर के पास अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसके सायकल को ठोंकर मार दिया, जिससे उनके सीने पर गंभीर चोंटे आई है। कमलेश जगत की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 337 भादवि अपराध कायम किया है।

### बाइक से गिरने से मौत

**महासमुंद।** भंवरपुर रोड में बाइक के अनियंत्रित होकर गिर जाने से एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 25 दिसंबर की है। रामप्रसाद बाघ पिता दुकालु 34 वर्ष पुरानी मंडी वार्ड निवासी अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 06 सीपी 8341 से जा रहे थे कि पुष्प वाटिका के पास अनियंत्रित होकर गिर गए, जिससे गंभीर चोंट आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### महिला ने किया विषपान, इलाज के दौरान मौत

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम भंवरचुआ के रहने वाली हेमकुंवर पटेल पति स्व. शंकर पटेल 60 साल ने मंगलवार के दिन जहर का सेवन कर लिया, जिसे शासकीय अस्पताल सरायपाली मे भर्ती किया गया।

---

### प्रदर्शन : ड्रोन छिड़काव से लगभग 90 प्रतिशत पानी के साथ-साथ समय की बचत होती है

# जिले में ड्रोन से किया जा रहा है नैनो यूरिया का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

हमारा देश कृषि प्रधान देश है तथा इस क्षेत्र में दिन प्रतिदिन नई–नई तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गांव-गांव में शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कृषि विभाग द्वारा ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव प्रदर्शन किया जा रहा है, जो की कृषकों के मध्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कृषि विभाग द्वारा जिले में ड्रोन प्रदर्शन का कार्य एनएफएल कंपनी को आवंटित किया गया है, जिनके द्वारा हैदराबाद के ड्रोन तथा प्रशिक्षित पायलट द्वारा किसानों के खेतों में नैनो यूरिया का छिड़काव का प्रदर्शन कर इस संबंध में कृषकों को विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है। ज्ञात हो की ड्रोन के माध्यम से केवल 10 लीटर पानी से 7–10 मिनट के भीतर एक एकड़ के फसल में नैनो यूरिया या अन्य दवा का छिड़काव किया जा सकता है। ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव करने से लगभग 90 प्रतिशत पानी के साथ साथ समय का भी बचत होती है एवं मजदूर की समस्या से भी बचा जा सकता है। शासन के मंशा अनुसार यह तकनीक कृषि कार्य को गति प्रदान करेगी साथ कृषकों के उन्नति में भी सहयोग प्रदान करेगी।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में इस कंपनी द्वारा 3 महिलाओं को ड्रोन पायलट के रूप में तैयार किया गया है। ड्रोन पायलट के रूप में निरुपा साहू ग्राम लाहोद, जिया यदु, ग्राम तरेंगा, मालती साहू, सुहेला ने ग्वालियर से 15 दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं तथा यह शीघ्र ही जिले को अपनी सेवा देंगे। इफको कंपनी द्वारा इन महिलाओं को ड्रोन प्रदाय किया जाएगा, जिसे वे कृषकों की मांग अनुसार उनके खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया या अन्य दवा का छिड़काव करेंगे।

WELCOME TO
MADHYA PRADESH'S FIRST DRONE TRAINING SCHOOL
DRONE DESTINATION

## भारत संकल्प यात्रा में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर, 337 लोगों का हुआ उपचार

**बिलाईगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत खुरसुला के स्कूल प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि शिवनंदन डडसेना, अध्यक्षता कौशिल्या बाई विश्वकर्मा सरपंच ग्राम पंचायत खुरसुला, विशिष्ट अतिथि घसीराम डडसेना पूर्व सरपंच, छेदूराम विश्वकर्मा सरपंच प्रतिनिधि, कुंजराम पटेल पूर्व सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत करियाटार, बाबूलाल डडसेना, हीराराम साहू भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रधानमंत्री के उद्बोधन का प्रसारण किया गया। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बी पी, सुगर टेस्ट – 70, सिकल सेल टेस्ट– 80, आयुष्मान कार्ड 10, बीपी पाजेटिव –9, सुगर पाजेटिव– 6, सिकलिन पाजिटिव मरीज– 4, इस तरह स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल– 337 लोगों का टेस्ट किया गया। स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

स्व-सहायता समूह के मेरी कहानी मेरी जुबानी मंजू डडसेना, संतोषी साहू द्वारा धरती कहे पुकार का मंचन, लक्ष्मी समूह द्वारा धरती को सुरक्षित बचाए रखने के लिए नाटक की प्रस्तुति दी गई। किसान समृद्धि योजना कृषि विभाग के लाभान्वित हितग्राही सहदेव साहू किसान समृद्धि योजना, चंद्रशेखर साहू जैविक खेती, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के हितग्राही चमरू केंवट, मनहरण साहू, गेसराम सहिस, बुंद्री बाई पति कमलनारायण को योजना का लाभ मिला। इस अवसर पर ग्रामवासी एवं संस्था प्राचार्य रामसहाय डडसेना, श्याम लाल नवरत्न, मदनलाल तोमर, उमाशंकर साहू, सोहन लाल डडसेना, भूपेन्द्र कुमार डडसेना, मनीराम यादव, नरेंद्र कुमार सोनी प्रधानपाठक प्राथमिक, परस राम बारले, शिवकुमारी महिलांगे, कुसुमलता ठाकुर, गेवरचंद डडसेना, गेसराम सहिस, लीला प्रसाद डडसेना की विकसित संकल्प भारत यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि छेदू राम विश्वकर्मा ने आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगा शिविर, योजनाओं की दी जानकारी

**भटगांव।** संयुक्त सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास अशोक चौबे ने जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम खजरी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का अवलोकन किया। श्री चौबे के सामने ड्रोन प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग इस यात्रा में अपने-अपने विभाग के योजनाओं के डाटा जिसमें गांव में कितने लोग हैं और कितने का आयुष्मान कार्ड बना है। ऐसे डाटा सभी विभाग शिविर में रखेंगे और कितनों को लाभ दिया गया, उस दिन और जो बचे उनके लिए क्या प्लान है। यह जानकारी सभी विभाग, सभी शिविर में देंगे। इस अवसर पर परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, सीईओ योगेश्वरी बर्मन आदि उपस्थित थे।

- जिला प्रशासन के विभागों ने लगाया शिविर, विकसित भारत निर्माण के लिए ली शपथ

जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम जलगढ़ और जामपाली में वीबीएसवाय कार्यक्रम किया गया। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम खमहारडीह और सिरोली में किया गया। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम गाताडीह, हरदी, खुरसुला में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया, जहां जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाया गया था। जिले के नागरिकों को शिविर के माध्यम से विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा वाहन का महिलाओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों ने विकसित भारत निर्माण के लिए शपथ लिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए संदेश का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अपने विचारों को व्यक्त किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम 'धरती कहे पुकार के' के माध्यम से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## जिला बदर के आरोपी को पुलिस ने गाली गलौज करते किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला बदर कार्रवाई के बाद भी निवास स्थान पर घुमते हुये आने जाने वाले लोगों को गाली गलौज कर रहे आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि 28 दिसम्बर को मुखबीर से सूचना मिली कि अभिषेक उर्फ रोमी पिता सुशील सराफ गांधी चौक बलौदाबाजार का जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार द्वारा एक वर्ष कालावधि के लिए जिला बदर किया गया है, जो गांधी चौक बलौदाबाजार में लोगों को गाली गुफ्तार, डरा धमका रहा है कि सूचना मिलने पर उसे पकड़ा गया। पुलिस की पूछताछ में जिला बदर होने एवं बलौदाबाजार में घुमने के संबंध में आरोपी ने कहा मैं अपने मर्जी का मालिक हूं मैं किसी आदेश को नहीं मानता, जहां चाहे घुम सकता हूं कहकर बोला। आरोपी का कृत्य छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14,15 का घटित करना पाये जाने से विधिवत आरोप बताकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

## कॉलेज में मना वीर बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

स्वर्गीय दौलतराम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वीर बाल दिवस प्राचार्य डॉ. खुर्शीद खान के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। वीर बाल दिवस मनाएं जाने का प्रमुख उद्देश्य सिखों के दसवें गुरु गोविन्द सिंह के साहबजादों बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेंह सिंह की शहादत को याद करना एवं उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करना है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कसडोल नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू चंदन साहू रही। उन्होंने कहा कि धर्म, समाज, देश एवं मानवता की रक्षा के लिए छात्र जीवन से ही अपने अंदर दोनों सहाबजादों की तरह निडर एवं साहसी बनना है एवं उनके आदर्शों को अपने अंदर आत्मसात करना है।

कार्यक्रम प्रभारी संजूलता पटेल द्वारा दोनों साहिबजादों के बलिदान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर पुरुषोत्तम साहू, रामचंद यादव, छात्रसंघ अध्यक्ष कविता साहू, छात्रा आकांक्षा डड़सेना, समीक्षा घृतलहरे, तनु साहू, स्नेहा जायसवाल, अरवीना जायसवाल, चुन्नेश्वरी, मनीषा पटेल, बबल, राहुल मानिकपुरी आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा।

## कैबिनेट मंत्री टंकराम को मिला विभाग, क्षेत्र में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/सुहेला

प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों को दिये गये प्रभार वाले विभागों के बारे में सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शुक्रवार 29 दिसंबर को जारी अधिसूचना के अनुसार बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक केबिनेट मंत्री को खेल कूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का दायित्व सौंपा गया है। उन्हें मिले महत्वपूर्ण विभागों पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष जताते हुए खुशियां मनाई।

### निकाली गई आभार रैली

सुहेला में टंकराम वर्मा के मंत्री बनने पर आभार रैली का आयोजन ग्राम सुहेला में किया गया, जिसमें भारी संख्या में ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जमकर आतिशबाजी की गई। कर्मा नृत्य, रावत नाच किया गया। मंत्री वर्मा जी को त्रिगड्डा चौक में लड्डुओं से तौला गया, वहीं जगह-जगह पर कहीं छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन खुरमी ठेठरी, केला-फल से तौला गया। जगह-जगह फूलमालाओं आरती थाल से स्वागत किए गए। वे ग्राम के गायत्री मंदिर में माता के दर्शन करने गए, उन्होंने ग्राम के महामाया माता मंदिर में माथा टेका। गुरु घासीदास जैतखाम में श्रीफल तोड़कर पूजा अर्चना की। महामाया चौक में सभा को संबोधित करते हुए मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मंत्री पद में जो भी दायित्व मिला है।

### रासेयो शिविर में कृषि परिचर्चा का आयोजन हुआ

# कृषि और बागबानी आय बढ़ाने का है बेहतर स्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

शासकीय महाविद्यालय लवन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम मुंडा की पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर में कृषि परिचर्चा का आयोजन किया गया। बौद्धिक परिचर्चा के सत्र में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता दीपक कुमार नायक उप संचालक कृषि जिला बलौदा बाजार भाटापारा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नारद कुमार भारद्वाज सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी उपस्थित रहे।

सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी नारद भारद्वाज ने कहा कि कृषि से लाभार्जन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण समय प्रबन्धन का विशेष ध्यान रखना है। कृषक की एक नजर खेत और दूसरी बाजार की ओर रहना चाहिए। उन्होंने भूमि संरक्षण के लिए शासन और ग्राम स्तर पर किये जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा ने शासकीय महाविद्यालय लवन में वैल्यू एडेड कोर्सेस के माध्यम से छात्र-छात्राओं में कौशल विकास के लिए संचालित किये जा रहे वर्मीकल्चर टेक्नोलॉजी, मशरूम कल्टीवेशन, गार्डनिंग एवं हॉर्टिकल्चर आदि पाठ्यक्रमों का उल्लेख करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

उक्त परिचर्चा में सहायक प्राध्यापक भीम प्रकाश बौद्ध, हरकुमारी पटेल, जय प्रकाश खुंटे अतिथि व्याख्याता बलराम साहू एवं पंकज साहू सहित स्वयंसेवक उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सेवा योजना
26 दिसंबर 20.. 1 जनवरी 2024

### कृषि क्षेत्र में प्रगति की अपार सम्भावनाएं

परिचर्चा के माध्यम से श्री नायक ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में प्रगति की अपार सम्भावनाएं हैं। पारम्परिक आय अर्जन के स्त्रोत के साथ ही युवा कृषि और तकनीक के समेकित उपयोग से विकसित भारत के निर्माण में अग्रणी हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की अनेक योजनाएं कृषि नवाचार, कृषि से संबंधित उद्यम और बागबानी आदि संबद्ध गतिविधियों को प्रोत्साहित कर रही हैं। उन्होंने विभिन्न केंद्र तथा राज्य पोषित योजनाओं, जैविक खेती, मशरूम एवं वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन के लिए जिले में उपस्थित सुविधाओं के विषय में स्वयंसेवकों को अवगत कराया और जीवन में ऊंचा लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करने को प्रेरित किया।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### अटल जयंती पर हुई संगोष्ठी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी बाजपाई की जयंती पर अवंती विहार व्यापारी संघ ने अटल चौक में अभिनव छत्तीसगढ़ के साकार स्वप्नदृष्टा-अटल जी पर संगोष्ठी की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंकज ने कहा की अटल बिहारी बाजपाई कवि हृदय होने के कारण अनेक कविताओं का लेखन किया, जो आज भी हर प्रसंग में उल्लेखनीय है। संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी एवं कार्यक्रम संयोजक कैलाश रारा ने बताया कि संगोष्ठी में रविवि के पूर्व प्राध्यापक रमेंद्र मिश्र, प्रदीप जैन, मधुकर खरे, अशोक गुप्ता, किशोरचंद्र नायक आदि शाामिल हुए।

### वीर बाल दिवस पर निबंध व चित्रकला स्पर्धा

**रायपुर।** वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय त्रिमूर्ति नगर में निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को साहबजादे जोरावर सिंह व साहबजादे फतेहसिंह की शहादत के बारे में बताया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर वीर बालकों की शहादत को याद किया। कार्यकम में संस्था के समस्त शिक्षक व प्राचार्य उपस्थित थे।

### प्रदेश को मजबूत करने मोदी से करेंगे निवेदन

**रायपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 2047 के तहत गुरुवार को राजधानी के जोन 7 दफ्तर में आयोजित कार्यक्रम में रायपुर नगर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से निवेदन करेंगे कि वे छत्तीसगढ़ को और मजबूती प्रदान करें। अभी हमने 54 सीट दी है, आगे लोकसभा चुनाव में सभी 11 सीट भी देंगे। यात्रा में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, उज्जवला योजना, महतारी वंदन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी से महिलाओं को अवगत कराया जा रहा है और उसका लाभ दिलाने ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ा जा रहा है।

### अंजय बने छग सीमेंट वेलफेयर एसो. के अध्यक्ष

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित निजी होटल में गुरुवार को छत्तीसगढ़ सीमेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन की आमसभा हुई, जिसमे सर्वसम्मति से अंजय शुक्ला को अध्यक्ष चुना गया। पूर्व अध्यक्ष अंचल सिंह भाटिया ने प्रस्ताव रखा, जिसका संरक्षक अशोक जैन, सुखदेव सिधु, इंद्रजीत सिंह, अमित तिवारी ने समर्थन किया। निर्वाचन के बाद अंजय शुक्ल ने अपने सभी साथियों सहित विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, ओपी चौधरी से भेंट की। बैठक में आनंद आहूजा, सुब्रत डे, पोद्दार आकाश गिलानी, सोनू अग्रवाल, संजीव रॉय, दिवाकर अवस्थी, गणेश जायसवाल, रितेश जैन, अरुण तुलसियान, अनुराग जैन, सुमित परमिंदर बिल्लू आदि उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि सदाचार और कर्तव्य के प्रति निष्ठा ही व्यक्ति को महान बनाती है। कुशाभाऊजी का जीवन हमें प्रेरणा देता है कि सरल और सहज रहकर लोक कल्याण के कार्य करना चाहिए।

---

# कहीं किराया नहीं दे रहे, कहीं खाली करने कर रहे आनाकानी, ऐसे सैकड़ों प्रकरण भाड़ा नियंत्रण शाखा में लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टोरेट के भाड़ा नियंत्रण शाखा कोर्ट में लगभग 8 महीने बाद मकान-दुकान मालिक और किराएदार के बीच विवाद संबंधी शिकायतों पर सुनवाई फिर होने लगी है। लंबे समय बाद भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में सुनवाई शुरू तो हुई है, लेकिन लंबित प्रकरणों में अब तक किसी भी शिकायतकर्ता को न्याय नहीं मिल पाया है। इसका कारण कोर्ट में धीमी गति से चल रही सुनवाई है। कोर्ट में प्रतिदिन पेशी की तारीख दी जा रही है, लेकिन कभी अनावेदक नहीं पहुंच पाते, तो कभी अधिकारी की व्यस्तता के कारण कोर्ट नहीं लग पाता। इसके कारण पुराने प्रकरणों का निराकरण भी नहीं हो पा रहा है। शाखा में हर रोज नए आवेदन भी आ रहे हैं, लेकिन लंबित प्रकरण इतने ज्यादा हैं कि नए आवेदनों की सुनवाई के लिए तारीख भी तय नहीं की जा रही है।

## लगभग 8 महीने बाद कलेक्टोरेट में भाड़ा नियंत्रण के प्रकरणों की सुनवाई पुनः शुरू

### 830 प्रकरण लंबित, जून से नहीं हुई सुनवाई

भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में जून से लेकर दिसंबर के प्रथम पखवाड़ा तक सुनवाई नहीं हो पाई है। इसके कारण 830 प्रकरण लंबित हैं। इन प्रकरणों में कई प्रकरण तो पिछले कई वर्षों से लंबित हैं, जिनका निराकरण अब तक नहीं हो पाया है। भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में सुनवाई नहीं होने की एक वजह अफसरों का तबादला किया जाना, तो दूसरा विधानसभा चुनाव है। इन दोनों कारण से भाड़ा नियंत्रण का प्रभार मिलने के बाद भी अफसर पुराने प्रकरणों पर सुनवाई नहीं कर पाए, जिससे प्रकरणों की संख्या लगातार बढ़ती रही।

### 35 प्रकरणों की सुनवाई पूरी फिर भी ऑर्डर जारी नहीं

विधानसभा चुनाव के पहले भाड़ा नियंत्रण का प्रभार बृजेश सिंह क्षत्रिय को सौंपा गया था, लेकिन शासन से उनकी नियुक्ति का नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया था। इसके कारण वे न ही लंबित प्रकरणों पर सुनवाई कर पाए और न ही कोई आर्डर जारी कर पाए। हालांकि अफसर ने सुनवाई हो चुके प्रकरणों में से करीब 35 प्रकरणों को जांच कर उनका ऑर्डर जारी कराने के लिए सूची जरूर तैयार कराई थी। अफसर की नियुक्ति का नोटिफिकेशन जारी होते ही इन सभी प्रकरणों के ऑर्डर जारी होने थे, लेकिन इनमें से अब तक एक भी प्रकरण का ऑर्डर जारी नहीं हो पाया है। हालांकि विभागीय अधिकारी का कहना है कि जिनमें ऑर्डर जारी होने है, उन प्रकरणों को भी देखना पड़ेगा। इसके बाद ही ऑर्डर जारी किए जाएंगे।

**नियमित रूप से कर रहे प्रकरणों की सुनवाई**

लंबे समय से सुनवाई नहीं हुई है। इसके कारण लंबित प्रकरणों की संख्या ज्यादा है। अब नियमित रूप से सुनवाई प्रारंभ हो गई है। लंबित प्रकरणों का पहले निराकरण किया जा रहा है। इससे जल्द ही लंबित प्रकरणों की संख्या घटेगी।

- **पुष्पेंद्र शर्मा,** भाड़ा नियंत्रक अधिकारी

---

### राजस्थान से आकर लोगों को हिप्नोटाइज कर ठगी का शिकार बना रहे थे

# झांसा देकर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय जालसाज गिरोह का संदेही हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के कोतवाली थाना क्षेत्र तथा टिकरापारा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग लोगों को उनकी बीमारी का उपचार करने का झांसा देकर हिप्नोटाइज कर ठगी का शिकार बनाने के आरोप में पुलिस एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने जिस संदेही को हिरासत में लिया है, उससे ठगी की रकम दो लाख रुपए बरामद की है। घटना में शामिल दूसरे ठग की पुलिस तलाश कर रही है। ठग बुजुर्ग तथा महिलाओं को उनकी बीमारी ठीक करने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाने का काम करता था।

पुलिस ने गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में राजस्थान से आकर रह रहे आरके पठान उर्फ सलाउद्दीन को हिरासत में लिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले 80 वर्षीय बुजुर्ग रामगोपाल ब्यास के मुताबिक मंगलवार को वह सुबह सब्जी खरीदने शास्त्री बाजार गया था। वापसी के दौरान एक लड़का उनके पास पहुंचा और बुजुर्ग को उनके पैरों में तकलीफ होने की बात कहकर उचित उपचार के लिए अपने किसी परिचित डॉक्टर का नाम बताया और उस डॉक्टर द्वारा घर आकर इलाज करने का झांसा दिया। बुजुर्ग ने उस युवक के झांसे में आकर अपने घर का पता बता दे दिया। ठगों ने टिकरापारा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला को इसी तरह से इलाज करने का झांसा दिया।

**राजधानी में अब तक दो लोगों के साथ कर पाए थे ठगी**

### मदद मांगने के नाम पर महिला, युवतियों का गैंग सक्रिय

राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गुजरात तथा राजस्थान से आई महिलाओं और युवतियों का जत्था लोगों से मदद के नाम पर चंदा मांगते घूम रहा है। मदद के नाम पर चंदा मांगते फिर रही महिलाओं तथा युवतियों के जत्थे के किसी ठग गिरोह से जुड़े होने की आशंका है।

### नौकरानी को दवा लेने भेज बुजुर्ग को हिप्नोटाइज किया

बुजुर्ग के मुताबिक कथित डॉक्टर उनके पैरों का इलाज करने घर पहुंचा। घर में तब वो अकेला था और घर में काम करने वाली बाई थी। ठग ने दवा की एक पर्ची तैयार कर दवा लेने नौकरानी को कृष्णा कांपलेक्स स्थित एक मेडिकल कांपलेक्स भेजा। इसके बाद उसने बुजुर्ग को हिप्नोटाइज कर इलाज करने के नाम पर कैश एक लाख 80 हजार रुपए नकद ले लिया। बुजुर्ग के मुताबिक इलाज करने आया डॉक्टर उनसे जब पैसे मांग रहा था, तब वह अपना सुध बुध खो बैठा और वह कुछ समझ नहीं पा रहा था। ठग जैसे जैसे बोलता जा रहा था, बुजुर्ग वैसा करते जा रहा थे। पुलिस को आशंका है कि ठग ने किसी कैमिकल का इस्तमाल कर बुजुर्ग को अर्ध बेहोशी की हालत में लाकर ठगी का शिकार बनाया।

### घटना के एक दिन बाद थाने में शिकायत

घटना के बाद रामगोपाल गहरे सदमें में आ गया। घर में काम करने वाली बाई को घटना की जानकारी दूसरे दिन मिली। इसके बाद उसने इस बात की जानकारी बुजुर्ग के परिजनों को दी। इसके बाद परिजनों ने बुधवार को थाना पहुंचकर ठगी की शिकायत दर्ज कराई। एक ही पैटर्न में दो ठगी की घटना होने के बाद पुलिस एक्शन में आई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल में जुट गई।

### ऐसे पहुंची पुलिस जालसाज तक

मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की, तो उसे सदरबाजार इलाके में एक महत्वपूर्ण सीसीटीवी फूटेज मिला। फूटेज के आधार पर पुलिस जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में खोजबीन करने में जुट गई। इसी दौरान पुलिस को जालसाज का मोबाइल नंबर चालू होने के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद नंबर ट्रेस करते हुए पुलिस जालसाज तक पहुंची।

---

# अमलीडीह में सरकारी जमीन कब्जा मुक्त चंगोराभाठा में कबाड़ी दुकान तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के नगर निवेश मुख्यालय उड़नदस्ता ने शहर में सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने और मुख्य मार्ग, बाजार मार्ग पर सड़क यातायात बाधित कर रहे अवैध ठेला-गुमटी हटाने अभियान चलाया। इस दौरान आनंद विहार में 3 हजार वर्गफीट जमीन को अवैध कब्जामुक्त किया गया। इसी तरह अमलीडीह मुख्य मार्ग में सरकारी जमीन पर किए गए 1 हजार वर्गफीट के अवैध कब्जे को हटाया।

शहर में हो रहे अवैध निर्माण और अवैध रूप से संचालित दुकानों को हटाने नगर निगम अमला एक्शन मोड में है। गुरुवार को जोन 9 के आनंद विहार में अभियान चलाकर 3 हजार वर्गफीट जमीन को अवैध कब्जा मुक्त किया गया। इसी तरह जोन 10 में अमलीडीह मुख्य मार्ग पर सरकारी जमीन पर किये गये 1 हजार वर्गफीट के अवैध कब्जे को तोड़ूदस्ते ने हटाने की कार्रवाई की।

जोन 4 अमले ने डीकेएस हास्पिटल के पास अभियान चलाया। इसी तरह मारवाड़ी श्मशानघाट के पास अभियान चलाकर 502 वर्गफीट जगह को कब्जामुक्त किया। जोन 2 की टीम ने नहरपारा चौक से रेलवे स्टेशन, फाफाडीह चौक, राठौर चौक, पंडरी मेन रोड से श्याम प्लाजा तक अभियान चलाकर सड़क पर रखे गए सामान की जब्ती की।

इसी तरह आरडी तिवारी स्कूल के पास सड़क यातायात बाधित करने वालों पर कड़ाई बरती गई, चंगोराभाठा बाजार में अभियान चलाकर कबाड़ी दुकान तोड़ी गई। जोन 6 की टीम ने गुरुवार को चांदनी चौक से भाठागांव चौक तक अवैध कब्जा हटाने अभियान चलाया। इसके साथ ही संतोषी नगर चौक से मानसपुरम तक सड़क के दोनों ओर अवैध रूप से लगाए गए ठेले गुमटियों को जब्त किया। दिशा कालेज के सामने वाली सड़क और समता कालोनी मार्ग स्थित चिंताहरण हनुमान मंदिर के पास अभियान चलाकर 3 ठेले जप्त कर मुनादी कराई गई।

- संतोषीनगर से मानस पुरम तक अवैध ठेले गुमटी जब्त
- आनंद विहार में भी चला अभियान

---

# अंडर ग्राउंड केबलिंग का काम सुस्त, बिफरे अफसर, 4 एजेंसियों को शोकॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में 7 प्रमुख मार्गों पर चल रहे अंडर ग्राउंड केबलिंग का काम अब 31 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। ढर्रे पर चले रहे अंडरग्राउंड केबलिंग के काम को लेकर जहां शहरवासी परेशान हैं, वहीं काम के संतोषप्रद नहीं होने से विभाग के अफसर बिफर उठे। उन्होंने इस काम का जिम्मा लेने वाली 4 एजेंसियों को शोकॉज नोटिस जारी करने का फरमान जारी किया है। दो टूक शब्दों में चेतावनी भी दी, तय समय सीमा में काम पूरा नहीं हुआ, तो संबंधित एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड कर अर्थदंड लगाने से नहीं चूकेंगे।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एमडी मयंक चतुर्वेदी ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, नगर निगम और स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में शहर के 7 प्रमुख मार्गों पर संचालित अंडर ग्राउंड केबलिंग कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया, 31 जनवरी तक बकाया कार्य पूरा कर लिया जाए।

दरअसल, शहर के भीतर बूढ़ेश्वर चौक से चांदनी चौक, लाखे नगर चौक से आमापारा, लाखे नगर चौक से बूढ़ेश्वर मंदिर, शास्त्री चौक से राजीव गांधी चौक, जयस्तंभ चौक से फाफाडीह, महिला थाना से राजीव गांधी चौक, कोतवाली चौक से जयस्तंभ चौक तक 36 करोड़ रुपए की लागत से अंडर ग्राउंड केबलिंग का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य का सुपरविजन सीएसपीडीसीएल द्वारा किया जा रहा है। समीक्षा के दौरान कार्य की प्रगति संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर कार्य के लिए नियुक्त सभी 4 कार्य एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**स्मार्ट सिटी के एमडी मयंक चतुर्वेदी ने की अंडर ग्राउंड प्रोजेक्ट की समीक्षा**

### पाइप लाइन डेमेज कर मरम्मत नहीं कराई

शहर में 24 घंटे वाटर सप्लाई के लिए बिछाई गई पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त करने के बाद भी संबंधित एजेंसी ने तत्काल मरम्मत नहीं कराई। इस बात को मयंक चतुर्वेदी ने गंभीरता से लेते हुए कार्य एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर पेनाल्टी अधिरोपित करने और निर्माण सामग्री जब्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्ज्वल पोरवाल, सीएसपीडीसीएल के संभागीय अभियंता एके न्यूडिंग, स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक तकनीकी पीके पंचायती, अतिरिक्त महाप्रबंधक बीआर अग्रवाल, डिप्टी मैनेजर अमित मिश्रा व अन्य विद्युत मंडलों के जोनल संभागीय अभियंता, सहायक अभियंता सहित सभी कार्य एजेंसी के प्रमुख शामिल रहे।

---

# अभ्यर्थियों का सवाल- एसआई भर्ती परीक्षा हो चुकी तो रिजल्ट क्यों नहीं

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

एसआई भर्ती परीक्षा के चयनित अभ्यर्थियों ने रिजल्ट जारी करने की मांग की है। उनका सवाल है कि परीक्षाएं पूरी होने और हाईकोर्ट से आदेश जारी होने के बावजूद रिजल्ट क्यों जारी नहीं किया जा रहा है? उल्लेखनीय है कि 6 साल से 1 हजार 300 प्रतिभागियों की भर्ती प्रक्रिया अटकी हुई है।

एसआई भर्ती रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर पिछले दिनों रविवार को अभ्यर्थियों ने बिलासपुर से रायपुर तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया था। आयोजन में एक हजार से ज्यादा अभ्यर्थी रायपुर पहुंचे। अभ्यर्थियों के मुताबिक एक एसआई भर्ती परीक्षा में 13 सौ अभ्यर्थी चयनित हो चुके हैं। चयनित अभ्यर्थियों का हाईकोर्ट द्वारा रिजल्ट जारी करने के आदेश के बाद भी अब तक रिजल्ट जारी नहीं किया गया है।

### यह थी एसआई भर्ती प्रक्रिया

एसआई, सूबेदार और प्लाटून कमांडर के 655 पदों में भर्ती के लिए अगस्त 2018 में विज्ञापन जारी किया गया, जिसे 2021 में वृद्धि कर 975 पद किया गया। भर्ती की प्रक्रिया पांच चरणों में हुई।

**शारीरिक नापजोक** - जून - जुलाई 2022
**प्रारंभिक परीक्षा** - 29 जनवरी 2023
**मुख्य परीक्षा** - 26 मई 2023 से 29 मई 2023 तक
**शारीरिक दक्षता परीक्षा** - 18 जुलाई 2023 से 30 जुलाई 2023 तक
**साक्षात्कार परीक्षा** - 17 अगस्त 2023 से 8 सितम्बर 2023 तक

**एक करोड़ महिलाओं के साथ धोखा कर रही भाजपा सरकारः रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा, बीजेपी ने छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने के बाद महतारी वंदन योजना लागू करने का वादा किया था। योजना के तहत राज्य की हर वर्ग की विवाहित महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये दिया जाना था। सत्ता में आने के बाद भाजपा सरकार केवल 30 लाख विवाहित महिलाओं को प्रति वर्ष 12 हजार रुपये देना चाहती है। 70 लाख महिलाओं के साथ विश्वासघात करने वाली भाजपा और मोदी की गांरटी फेल नजर आ रही है। छत्तीसगढ़ से 1 करोड़ महिलाओं को धोखा दे रही है।

---

# नवा रायपुर में जमीन के नाम पर सौ करोड़ का फर्जीवाड़ा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर में जमीन फर्जीवाड़ा मामले में पुलिस ने भिलाई, सुपेला से गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। आरोपी ने दिल्ली निवासी महिला कमलेश जैन की नवा रायपुर स्थित 10 एकड़ जमीन खरीदी करने में फर्जीवाड़ा किया था। महिला की जमीन का एक सप्ताह पूर्व 21 जून को रजिस्ट्री की गई है। जमीन खरीदी करने फर्जी मुख्तियारनामा भी तैयार किया गया। मुख्तियारनामा तैयार करने किसी दूसरे के आधार कार्ड को एडिट करने की बात सामने आई है।

पुलिस के मुताबिक जमीन फर्जीवाड़ा मामले में पुलिस ने अनवर को गिरफ्तार किया है। अनवर ने कमलेश जैन से 10 एकड़ जमीन, जिसकी कीमत सौ करोड़ रुपए से ज्यादा आंकी जा रही है, उस जमीन को प्रति एकड़ 10 लाख रुपए में सौदा किया था। अनवर पर जमीन खरीदने कई फर्जी दस्तावेज तैयार करने के आरोप हैं। घटना के बाद अनवर ने पुलिस को चकमा देने की भी कोशिश की, बावजूद इसके वो धरा गया।

### जिस नाम का व्यक्ति नहीं, उसके नाम से मुख्तियार नामा

पुलिस के अनुसार जमीन फर्जीवाड़ा करने मुख्तियारनाम में आकाश जैन नाम के व्यक्ति का नाम सामने आया था। अनवर के खिलाफ अपराध दर्ज करने के साथ पुलिस आकाश जैन की पतासाजी करने में जुट गई, लेकिन पुलिस को कोई आकाश जैन नहीं मिला। अनवर की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उससे आकाश जैन के बारे में पूछताछ की, तो उसने बताया कि जमीन खरीदने उसने किसी दूसरे के आधार कार्ड को एडिट कर आकाश जैन का आधारकार्ड बनाकर फर्जी मुख्तियारनामा तैयार कर जमीन खरीदी की।

---

### प्रतिदिन हो रही तीन लाख टन से अधिक धान की खरीदी

# धान बेचने 23 दिन बाकी, कैसे होगी 69 लाख टन की खरीदी, सोसाइटियों में टोकन के बाद लंबा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में किसानों से धान खरीदी का टार्गेट लगभग आधा पूरा हो गया है, लेकिन अभी भी निर्धारित टार्गेट के मुताबिक 69 लाख मीट्रिक टन की खरीदी बाकी है। इतना धान जनवरी अंत तक छुट्टियां छोड़कर 23 दिनों में खरीदना है। ऐसा कहा जा रहा है कि टार्गेट पूरा नहीं होने पर समय भी बढ़ाया जा सकता है।

बहरहाल, अभी प्रतिदिन करीब तीन लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की आवक सोसाइटियों में हो रही है। भरपूर आवक के बावजूद खरीदी निर्धारित मात्रा में ही हो रही है, जिसके कारण टोकन लेकर किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। समितियों में अब तक 60 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य सरकार ने इस साल 125 लाख मीट्रिक धान खरीदी का लक्ष्य रखा है। दिसंबर लक्ष्य के आधे के करीब खरीदी पहुंचने के साथ ही किसान 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान बेच सकेंगे। जिन किसानों ने 3 दिसंबर के पहले धान बेचा है, उन्होंने 20 क्विंटल के हिसाब से बेचा। उन किसानों को एक-एक टोकन देकर शेष धान बेचने की सुविधा दी जाएगी। अब तक करीब साढ़े 9 लाख किसानों ने धान की बिक्री की है। चुनाव परिणाम आने और नई सरकार द्वारा धान की बढ़ी हुई मात्रा और 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल देने को देखते हुए किसान अब धान लेकर समितियों में पहुंच रहे हैं।

### प्रतिदिन औसतन ढाई से तीन लाख टन खरीदी

मार्कफेड के अधिकारियों ने बताया कि प्रतिदिन औसतन ढाई से तीन लाख टन तक धान खरीदी पूरे प्रदेश में की जा रही है। नई सरकार गठन के बाद धान की आवक में तेजी है। आने वाले समय में यह और बढ़ेगी। सभी सोसाइटियों में रखने की व्यवस्था के अनुसार खरीदी की जा रही है। साथ ही मिलरों को प्रतिदिन उठाव के लिए डीओ भी काटा जा रहा है। सोसाइटियों में धान का उठाव होने से जाम की स्थिति से मुक्ति मिलेगी।

### पिछली बार हुई थी 107 लाख मीट्रिक टन की खरीदी

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने पिछली बार 110 लाख मीट्रिक टन की खरीदी का लक्ष्य रखा था। उसकी तुलना में अंतिम समय तक 107 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदी हुई थी। पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष किसानों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ ही 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य तय किया गया। अब तक 60 लाख मीट्रिक टन खरीदी की जा चुकी है। अब खरीदी के लिए मात्र एक माह का समय बचा है।

---

# मिनी स्काई लिफ्ट खरीदी महंगी दर पर, राज्यपाल से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेशभर के नगरीय निकायों के लिए महंगी दरों पर मिनी स्काई लिफ्ट खरीदी के एक मामले की शिकायत आरटीआई एक्टिविस्ट एवं अधिवक्ता डीके सोनी ने राज्यपाल से की है। इस शिकायत पर राजभवन ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है।

आरटीआई एक्टिवस्ट एवं अधिवक्ता डीके सोनी ने 20 नवंबर 2023 को एक शिकायत आवेदन राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया था। इसमें यह उल्लेख किया गया था कि छत्तीसगढ़ राज्य में वर्ष 2018 से लेकर 2022 तक अलग-अलग नगर पंचायतों एवं नगर पालिका में मिनी स्काई लिफ्ट मशीन की खरीदी की गई है तथा पूरे प्रदेश में एक ही संस्था से मिनी स्काई लिफ्ट मशीन बाजार से अधिक दर पर खरीदी की गई है। मिनी स्काई लिफ्ट मशीन की खरीदी के संबंध में सूची प्रदान की गई, जिसमें नगर पंचायत का नाम, मिनी स्काई लिफ्ट मशीन सप्लायर करने वाले फर्म का नाम, वर्कऑर्डर दिनांक, खरीदी की गई मशीनों की संख्या एवं भुगतान किए गए राशि का विवरण दिया गया था।

### महंगी दरों पर खरीदी

राज्यपाल से की गई शिकायत में कहा गया है कि पूरे प्रदेश में जो मिनी स्काई लिफ्ट मशीन खरीदी की गई है, वह सिर्फ एक ही कंपनी से ली गई है। नगर पंचायत एवं नगर पालिका के अधिकारियों और विभाग के मंत्री से मिलीभगत कर बाजार दर से दोगुनी दर पर मिनी स्काई लिफ्ट मशीन की खरीदी की गई है तथा बिना जांच पड़ताल किए मिनी स्काई लिफ्ट को क्रय किया गया है।

## खबर संक्षेप

### झलप में लगा शिविर, 71 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

**महासमुंद।** ग्राम झलप में सिक्ख समाज गुरु सिंघ सभा की ओर से गुरुवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संयोजक जगजीवन सिंह राजा ने बताया कि यह शिविर गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान को समर्पित है। शिविर मेकाहारा रायपुर के माडल ब्लड बैंक की सहायता से आयोजित किया गया, इसमें 71 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। इस दौरान सिक्ख समाज के साथ अन्य समाज के लोगों ने भी रक्तदान किया। इस दौरान सीटू सलूजा, डिंपल सलूजा, मोहम्मद शोएब, कुलजीत सलूजा, नवदीप सलूजा, नरेंद्र कौशिक, अमित खनूजा आदि का सहयोग रहा।

### विकसित भारत मंडल संयोजकों की बैठक 2 को

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक डा. विमल चोपड़ा ने बताया कि विकसित भारत मंडल संयोजकों की बैठक 30 दिसंबर को पिथौरा रेस्ट हाउस में आहूत की गई थी, जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब समस्त मंडल संयोजकों की बैठक आगामी 2 जनवरी 2024 को दोपहर 3 बजे पिथौरा स्थित रेस्ट हाउस में होगी। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी, जिला संयोजक डा. विमल चोपड़ा तथा जिले के वरिष्ठ भाजपाजन संकल्प यात्रा को लेकर मंडल संयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

### मितानिनों को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** ग्राम बिरकोनी के चंडी मंदिर में मितानिनों का प्रशिक्षण हुआ। इसमें महासमुंद ब्लाक के लगभग 100 मितानिन शामिल है। प्रशिक्षण में गर्भवती महिलाओं की जांच, गंभीर कुपोषित बच्चों की जांच, निमोनिया, बीपी, सुगर, मोतियाबिंद ऑपरेशन, महिला एवं पुरुष नसबंदी लिए हितग्राहियों को प्रेरित करना एवं स्वास्थ्य सुविधाएं के बारे में जानकारी दी गई। इसमें बीसी शांति देवांगन, एमटी मनटोरा, हिरौदी, रुक्मणी, सुलोचना, कुमारी, उषा आदि मौजूद रहे।

### विधायक का मुस्लिम जमात ने किया स्वागत

**महासमुंद।** मुस्लिम जमात ने गुरुवार को नवनिर्वाचित विधायक योगेशवर राजू सिन्हा का शानदार स्वागत किया। मुस्लिम जमात के सहसचिव जमशेद रज़ा ने बताया कि विधानसभा चुनाव में जीत प्राप्त करने के पश्चात नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने आभार रैली का आयोजन किया। जिसमें मुस्लिम जमात ने स्वामी चौक में मंच बनाकर विधायक राजू सिन्हा का स्वागत किया। जिसमें सर्वप्रथम जामा मस्जिद के सदर हाजी इशाक चौहान ने विधायक को पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया एवं मिठाई खिलाई।

---

# छह लाख पुराने बारदानें उपयोग के लायक नहीं, वापस लेने में कोताही

## फटे बारदानों से नुकसान, समितियों ने छांटकर किया अलग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राईस मिलर्स द्वारा जो पुराने बारदाने खरीदी केंद्रों में दिए गए हैं, उनमें करीब 25 फीसदी बारदाने फटे हुए निकल रहे हैं। जानकारी के मुताबिक मिलर्स द्वारा अब तक करीब 25 लाख पुराने बारदाने भेजे गए हैं, उनमें छह लाख बारदाने फटे हुए मिलें हैं, जिसे खरीदी केंद्रों में छांट कर अलग रख दिया गया है, जिससे उपार्जन केंद्रों में पुराने बारदानों की कमी पड़ सकती है। इधर, मिलर्स इन फटे हुए बारदानों को वापस नहीं ले जा रहें।

एक नवंबर से शुरू हुई सरकारी दर पर अब तक 52 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदा जा चुका है। धान खरीदी करने के लिए एक करोड़ 30 लाख बारदाना इस्तेमाल हो चुका है। जिसमें 52 लाख 39 हजार बारदाने पुराने और 78 लाख बारदाने नए हैं। इस्तेमाल किए गए पुराने बारदानों में मिलर्स द्वारा करीब 25 लाख बारदाने दिए गए हैं, जिसमें करीब 25 फीसदी बारदाने फटे और बहुत पुराने हो चुके हैं, जिसमें तौल के लिए धान की भराई करते ही भरभराकर गिर जा रही है। इससे समिति और किसान दोनों को नुकसान पहुंच रहा है।

फटे बारदानों को मजदूर लगाकर सिलवा रहे हैं। जो ज्यादा फटे हैं उनका उपयोग नहीं हो पाएगा। ऐसे फटे और बहुत पुराने हो चुके बारदानों की छंटनी कर अलग रख दिया गया है। खरीदी केंद्र प्रभारियों द्वारा फटे बारदानों को अलग कर मिलर्स को वापस ले जाने कहा है, लेकिन मिलर्स वापस भी नहीं ले जा रहे हैं। जिससे खरीदी केंद्र प्रभारियों और मिलर्स के बीच आए दिन विवाद हो रहा है।

### पुराने बारदानों का 18 रूपए होगा भुगतान

मिलर्स और पीडीएस से प्राप्त पुराने बारदानों के लिए शासन द्वारा भुगतान किए जाने का प्रावधान है। पुराने बारदाने के लिए मिलर्स को जहां प्रति नग 18 रूपए भुगतान किया जाता है, तो पीडीएस के तहत प्राप्त बारदानों के लिए प्रति नग 25 रूपए दिया जाता है। लेकिन, जहां पीडीएस के बारदाने तकरीबन ठीक हालत में होते हैं। वहीं, मिलर्स के एक चौथाई बारदाने उपयोग के लायक नहीं रहता।

### वापस लौटा दिया जाता है

जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि फटे और बहुत पुराने बारदानों से समितियों को नुकसान पहुंचता है। इसलिए मिलर्स द्वारा पुराने बारदाने यदि फटे और उपयोग के लायक नहीं है, उसे समितियों में छंटनी कर अलग कर दिया जाता है, जिसे मिलर्स को वापस लौटा दिया जाता है। साथ ही इसका भुगतान भी नहीं किया जाता।

---

## मनमानी : चेतावनी के बाद भी अफसर रेत माफियाओं को दे रहे संरक्षण

# जिले के रेत घाट बंद, फिर भी भारी मात्रा में सप्लाई पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के रेत घाट बंद होने के बावजूद लगातार भारी वाहनों में रेत निकासी और सप्लाई बदस्तूर जारी है। अफसरों की मानें तो केवल भंडारण की अनुमति जहां ली गई थी वहीं से सप्लाई हो रही है। लेकिन, यहां प्रश्न यह है कि बारिश के बाद से रेत घाट बंद रहे तो इन अनुमति प्राप्त भंडारण केंद्रों में रेत कब लाई गई। इधर, भंडारित रेत के दाम आसमान छू रहे हैं। अफसरों का कहना है कि जिन लोगों ने भंडारण की अनुमति प्राप्त है, उनके जरिए रेत की आपूर्ति की जा रही है। छह माह से शासन ने जब रॉयल्टी बंद कर दी है, तो फिर जिले में रेत किस स्थान से आ रहा है? और यदि डंप है तो वह किसका है? सूत्रों की मानें तो जिले में सिर्फ कागजों में रेत का डंप दर्शाया गया है। जबकि रेत सीधे नदियों से निकालकर सप्लाई की जा रही है, जिसकी तिगुनी कीमत रेत माफियाओं द्वारा वसूल की जा रही है।

बता दें कि जिले की महानदी की रेत की क्वालिटी अच्छी होने के कारण यहां की रेत की डिमांड राजधानी रायपुर तक रहती है। इसके कारण रेत के दाम भी आसमान छू रहे हैं। जिला मुख्यालय में पहले रेत 1200 से 1500 रुपए तक मिल जाती थी, वह रेत अब 2,000 रुपए प्रति ट्रैक्टर मिल रही है, वहीं एक हाइवा की रेत पहले चार हजार रुपए तक होती थी, वह बढ़कर 12 हजार रुपए प्रति ट्रिप तक पहुंच गई है।

खनिज विभाग के अधिकारियों का नियंत्रण नहीं होने के कारण नियम कानूनों को ताक पर रखकर रेत माफिया नदियों का सीना छलनी कर रहे हैं। बारिश के दौरान उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद सीधे नदियों से रेत की सप्लाई की जाती रहीं और अब भी लगातार जारी है। जबकि, जिले के किसी भी नदी घाटों से रेत उत्खनन की अनुमति पर्यावरण विभाग से नहीं मिल पाई है।

### 21 को भंडारण की अनुमति

बीते कुछ वर्षो से बिना अनुमति रेत माफिया जिले की सीमा में बहने वाली महानदी के सीना को बैखौफ छलनी करते रहें। वहीं, फिलहाल 21 लोगो को रेत भंडारण की अनुमति प्राप्त है। लेकिन, बीते छह माह से रेत घाट बंद है। इसके बावजूद इतनी बड़ी तदाद में रेत कहां से आपूर्ति की जा रही है। दरअसल, यहां तक कि बारिश में भी नदियों से रेत का उत्खनन जारी रहा। रेत माफियाओं को खनिज विभाग को बिलकुल भी डर नहीं रहा। क्योंकि, पकड़े जाने पर कुछ दिन वाहन खड़ी रहती है और पेनल्टी देकर छुड़ा लेते हैं।

### 8 घाटों को पर्यावरण विभाग की मंजूरी का इंतजार

खनिज विभाग ने महानदी में तीन नए रेत घाट के पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा है, लेकिन अभी तक उस प्रस्ताव को पर्यावरण विभाग की मंजूरी नहीं मिल पाई है। इन घाटों में बरबसपुर, गढ़सिवनी, बड़गांव, चिंगरौद, बम्हनी, मुड़ियाडीह, सांकरा रेत घाट शामिल हैं।

### भंडारण से रेत की आपूर्ति

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि जिले के 8 नदी घाटों में रेत उत्खनन के लिए पर्यावरण विभाग की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, जो प्रक्रियाधीन है। फिलहाल जिले के 21 लोग, जिन्हें भंडारण की अनुमति प्राप्त हैं, उनके द्वारा रेत की आपूर्ति की जा रही है। समय-समय पर अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

---

# 1994 में दिलाई परीक्षा, डिग्री में आई दिक्कत अब 29 साल बाद रविवि ने सुधारी गलती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक छात्रा ने 1994 में परीक्षा दिलाई। प्रथम व द्वितीय वर्ष के साथ बीएससी अंतिम वर्ष की परीक्षा में भी छात्रा उत्तीर्ण हो गई। पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने उक्त छात्रा की अंकसूची भी जारी कर दी। अंकसूची में हुई त्रुटि पर ना छात्रा ने गौर किया और ना ही प्रबंधन का ही ध्यान गया। दशकों बाद जब छात्रा ने डिग्री बनाने के लिए रविवि में अर्जी दी, तब ज्ञात हुआ कि अंकसूची में गड़बड़ी हो गई है। इसके बाद अंकसूची सुधारी गई, ताकि डिग्री बनाने की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके।

छात्रा के अंक सुधार सहित परिणाम गुरुवार को रविवि द्वारा जारी कर दिए गए हैं। बीए, बीकॉम, बीएससी सहित अन्य कक्षाओं के विथ हेल्ड परिणाम भी विवि द्वारा जारी किए गए। इनमें से सभी 2023 में हुई परीक्षा के ही परिणाम है। केवल 1994 के प्रकरण को छोड़कर। छात्रा ने अपनी पढ़ाई कल्याण कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स भिलाईनगर से की थी। वर्तमान में यह महाविद्यालय दुर्ग विवि से संबद्ध है। चूंकि 1994 में यहकॉलेज रविवि के अधीन था, इसलिए सुधरे हुए परिणाम भी रविवि ने ही जारी किए हैं।

### ऐसे समझें गलती

मान लीजिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष में सभी विषय मिलाकर 600-600 अंकों की परीक्षा हुई। अब तृतीय वर्ष की अंकसूची में प्रथम व द्वितीय वर्ष में विद्यार्थी द्वारा 600 में प्राप्त अंकों का भी जिक्र किया जाएगा। छात्रा द्वारा प्रथम व द्वितीय वर्ष में प्राप्त अंक पृथक थे, जबकि तृतीय वर्ष की अंकसूची में प्रथम व द्वितीय वर्ष के अंकों का जो उल्लेख किया गया था, वो पृथक था। डिग्री बनाते वक्त तीनों वर्ष के अंकों का औसत निकाला जाता है। इसके आधार पर डिग्री बनाई जाती है। डिग्री बनाने के पूर्व अंकसूची त्रुटि में सुधार आवश्यक होता है। इसके कारण छात्रा के अंकों में सुधार कर दोबारा रिजल्ट जारी किए गए।

---

# बंगला खाली करते पूर्व मंत्री रूद्र गुरु के सरकारी बंगले में आग लगने से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंज थाना क्षेत्र में जेल रोड स्थित पूर्व मंत्री रूद्र कुमार गुरू के सरकारी आवास में गुरुवार दोपहर आग लगने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है, बंगला खाली करने के दौरान आग लगने की घटना हुई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस तथा दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। घटना दोपहर सवा दो बजे के आसपास की है। उस समय बंगले में कर्मी सामान बाहर निकालने का काम कर रहे थे, तभी आगजनी की हुई। शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस के मुताबिक अब तक किसी ने घटना की शिकायत थाने में दर्ज नहीं कराई है। आगजनी की घटना में बंगले के अंदर रखे फर्नीचर तथा अलमारी जल गए हैं। आलमारी के आग की चपेट में आने से आलमारी में रखे दस्तावेजों के जलने की बात सामने आ रही है। घटना के समय बंगले के अंदर मौजूद स्टाफ सामान का मिलान कर रहे थे, इसी दौरान उन लोगों ने फाल्स सिलिंग से आग की लपटें उठती देखी।

### एसी में शार्ट सर्किट से आग

बताया जा रहा है, एसी में शार्ट सर्किट होने की वजह से आग की लपटें फाल्स सिलिंग में लगे प्लाई तथा अन्य सामान तक पहुंच गई। इस वजह से आग तेजी से फैल गई। बंगले के अंदर के ज्यादातर सामान निकाले जाने की वजह से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। समय पर फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने से आग पर जल्दी काबू पाया जा सका।

---

**महासमुंद।** लोहिया चौक स्थित सिटी स्पोर्टस सेंटर में सात दिवसीय भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन गंजपारा निवासी बालकिशन शकुलंता साहू द्वारा आयोजित किया जा रहा है। 24 दिसंबर से शुरू हुए भागवत कथा की प्रवचनकर्ता अयोध्या से आई बाल विदुषी देवी चंद्रकला को सुनने भारी भीड़ जुट रही है।

---

# सीजन में भी दाम में बढ़ोतरी फूलगोभी सेमी व पालक भाजी 80 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में स्थानीय आवक होने के बावजूद इन दिनों सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। जबकि, आमतौर पर ठंड के सीजन में सर्वाधिक उत्पादन वाले भाजी, फूल गोभी, सेम, बैंगन 20-25 रूपए तक गिर जाता था। लेकिन, इस बार बदली बारिश के चलते सब्जियों के उत्पादन पर असर पड़ा है, जिसके चलते कई सब्जियों के दाम अभी भी 60 से 80 रूपए किलो तक चल रहा है। स्थानीय आवक का सीजन होने के बावजूद टमाटर को छोड़कर बाकी सभी सब्जी के दाम में वृद्धि हुई है। आमतौर पर ठंड के सीजन में सर्वाधिक उत्पादन के चलते भाजी, फूल गोभी और नवल गोल 20 से 25 रुपए प्रति किलो की दर से बेचा जाता था। लेकिन, इस समय बीते महीने भर बदली बारिश के चलते उत्पादन घट जाने से सब्जी के दाम दोगुने हो गए हैं। स्थानीय बाजार में थोक के भाव में लौकी, करेला, प्याज भाजी, पालक भाजी, मेथी भाजी, नवल गोल, भाटा, बरबटी, ग्वारफली, पत्ता गोभी तथा अन्य सब्जी के दाम में वृद्धि हो गई है। फूल गोभी, सेमी और पालक भाजी 60 से 70 रुपए प्रति किलो में बेचा जा रहा है। टमाटर 15 रुपए से लेकर 20 रुपए प्रति किलो की दर से बिक रहा है। लगातार सब्जियों के दाम बढ़ने के कारण घरेलू बजट बिगड़ रहा है। ठंड सीजन में सभी तरह के सब्जी का भरपूर उत्पादन होने लगता है व खपत भी बढ़ जाती है। इसी तरह हरा मटर शुरुआती दौर में 60 और 70 रुपए प्रति किलो की दर से बिक रहा था। स्थानीय मार्केट में किसानों के उत्पादन के बाद से हरा मटर 25 से 30 रुपए प्रति किलो के दर से बिकने है।

- दो माह तक इसी कीमत में बिकने का अनुमान, बदली-बारिश से सब्जियों का उत्पादन घटा

### ठंड में बढ़ोतरी के आसार

इधर, पूर्व से आने वाली गर्म हवा के प्रभाव से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो गई है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो दिन न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। लेकिन आज शुक्रवार से ठंड में बढ़ोतरी शुरू होगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आने वाले दिनों में मौसम रुख ऐसा ही रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा।

### मार्केट में सब्जी का चिल्लर भाव

| सब्जी | कीमत |
|---|---|
| गोभी | 50-60 |
| सेम | 70-80 |
| मटर | 25-30 |
| मुनगा | 120-130 |
| करेला | 70-80 |
| पत्तागोभी | 25-30 |
| बैंगन | 50-60 |
| लौकी | 25-30 |
| भिन्डी | 70-80 |
| गंवारफल्ली | 70-80 |
| बरबट्टी | 50-60 |

---

## बैंक में सुरक्षा के लिए एक भी जवान तैनात नहीं

# भुगतान के लिए दिन फिक्स, फिर भी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला सहकारी बैंकों में किसानों की सुविधा के लिए धान के भुगतान के लिए समितिवार दिन फिक्स किया गया है। बावजूद, बकाया बोनस की राशि निकलवाने सहकारी बैंको में रोजाना किसानों की भीड़ लग रही है। जिसके चलते बैंकों में अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। इससे भुगतान करने में देर रात हो जा रही है और किसान रात को अपने घर पहुंच रहे हैं। फिर भी बैंकों में एक भी पुलिस की तैनाती नहीं की गई है। जबकि, हर साल किसानों से लूट की घटना सामने आती रही है। बता दें कि अब तक जिले के 95 हजार 860 किसानों द्वारा 52 लाख 39 हजार क्विंटल धान सरकारी दर पर बेचा गया है। जिससे, किसानों से 262 करोड़ की ऋण वसूली के बाद 883 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। लेकिन, अभी भी जिले के 62 हजार किसान एक बार भी अपनी उपज बेच नहीं पाएं हैं। ऐसे में दो साल का बकाया बोनस खातों में जमा करने के बाद किसानों का हुजुम बैंकों में उमड़ रहा है। अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए बोनस की राशि निकालने किसानों में आपाधापी मची हुई है। बैंक पहुंचे किसानों का कहना रहा कि उनको भुगतान में देर होता है, जिससे उन्हें सुरक्षित घर तक पहुंचने की चिंता रहती है। किसानों ने बताया कि सुबह बैंक खुलने के बाद किसानों से फार्म लेने के बाद बैंककर्मी भुगतान करने में देर कर दे रहे हैं। बैंककर्मियों का कहना रहता है कि उन्हें भी नगद रकम देर से मिलती है, जिससे वे भी देर से भुगतान करते हैं और यही देरी किसानों को भारी पड़ती है। देर रात तक किसान बड़ी रकम लेकर अपने घर पहुंचते हैं, जिससे उन्हें अनहोनी का डर लगा रहता है।

### ठगी के शिकार हुए किसान

शुक्रवार को बोनस की राशि निकालने आए ग्राम तमोरा के बुजुर्ग किसान ठगी के शिकार हो गए। जानकारी के मुताबिक वीरसिंग निषाद जिला सहकारी बैंक महासमुंद बोनस की राशि निकालने पहुंचे थे। साथ में उनकी पत्नी भी मौजूद रहीं। इस दौरान मदद करने का बहाना बनाकर उक्त युवक उसके पास बुक और निकासी पर्ची को जमा किया और जब भुगतान के लिए नाम पुकारा गया तो वह खुद चला गया और बगल में बैंठे बुजुर्ग किसान की तबियत खराब है, बोलकर कैशियर से 49 हजार रुपए का भुगतान लेकर भाग गया। हालांकि, बैंक अपनी गलती स्वीकार ली है और आश्वासन दिया है कि अगले कार्य दिवस पर किसान को उक्त राशि दे दी जाएगी।

### हर साल होती है उठाईगिरी की घटनाएं

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद किसान बैंक से रकम निकलवाने दिसंबर से फरवरी माह तक पहुंचते हैं और इस दरमियान लूटपाट के साथ उठाईगिरी की घटनाएं सबसे ज्यादा होती है। लेकिन, इस साल जिले के किसी भी बैंक में पुलिस की तैनाती नहीं की गई है, जिससे किसानों के ठगी व उठाईगिरी होने का अंदेशा बढ़ गया है।

### मोबाइल बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध

जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी जीएन साहू ने बताया कि फिलहाल जिला मुख्यालय में मोबाइल बैंकिंग सुविधा वाहन उपलब्ध है, जिसके जरिए किसी भी बैंक एटीएम से भुगतान प्राप्त किया जा सकता है। वहीं, बैंक द्वारा रूपए कार्ड भी जारी किए गए हैं। इसका लाभ उठाने से बैंक तक आने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन | पर्सनल लोन | होम लोन | कार लोन | मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : [illegible] मो. 9406004581
बिलासपुर : [illegible] मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

### 2 जनवरी को कैम्पस इंटरव्यू

**बलौदाबाजार।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सकरी बलौदाबाजार में द–प्लेसर अंतर्गत मारुति सुजुकी मोटर्स प्रायवेट लिमिटेड द्वारा 2 जनवरी को सत्र 2022–23 में एनसीव्हीटी, एससीव्हीटी व्यवसायों फिटर, मेकेनिक डीजल, मोटर मेकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, विद्युतकार, टूल्स एण्ड डाईमेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, ट्रैक्टर मेकेनिक एवं पेंटर जनरल में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिये कैम्पस इंटरव्यूह आयोजित किया गया है। सत्र 2022–23 तक उपरोक्त व्यवसायों में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों कैम्पस इंटरव्यूह में अधिक से अधिक संस्था में उपस्थिति होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सके। विस्तृत जानकारी शासकीय आईटीआई बलौदाबाजार से प्राप्त कर सकते हैं।

### बिजली खंभे को किया क्षतिग्रस्त, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बिजली खंभे को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त करने वाले ट्रैक्टर चालक के खिलाफ विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर ने सांकरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को रिपोर्ट लिखाते हुए कनिष्ठ यंत्री ने बताया कि ट्रैक्टर क्रमांक सीजी-06 जीएन 6737 क क का चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर बिजली खंभे को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 279, 427 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### आज विधायक की आभार रैली झलप पटेवा क्षेत्र में

**महासमुंद।** नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिंहा की स्वागत और आभार रैली आज विधानसभा क्षेत्र के पटेवा एवं झलप क्षेत्र पहुंचेगी। इस दौरान श्री सिंहा लोगों से मुलाकात करेंगे और क्षेत्रीय विकास के लिए लगातार आम जनों द्वारा सुझाए जा रहे सुझावों से अवगत होंगे। बता दें कि विधानसभा निर्वाचन में हाल ही में विधायक योगेश्वर राजू सिंहा ने जीत पश्चात अपनी जीत को जनता को समर्पित करते हुए लगातार क्षेत्र में संपर्क बनाए हुए हैं। महासमुंद शहर तथा तुमगांव क्षेत्र में स्वागत आभार रैली झलप/पटेवा पश्चात अन्य क्षेत्रों में पहुंचेगी।

### चंद्र कुमार होंगे कार्यवाहक अध्यक्ष

**महासमुंद।** पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं वार्ड नंबर 10 के पार्षद चंद्र कुमार पटेल को छग शासन द्वारा नगरपालिका सरायपाली का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बता दें कि बीते दिनों अविश्वास प्रस्ताव में अमृत पटेल को हार का सामना करना पड़ा था। जिसके बाद नपा सरायपाली का अध्यक्ष पद रिक्त हो गया।

**निधन**

### अशोक तुरकाने

**खरोरा।** देवर तिल्दा निवासी

अशोक तुरकाने का 28 दिसम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम देवर तिल्दा में किया गया। वे भुनेश्वरी, खिलेश्वरी, परमेश्वरी, विनोद और विमल के पिता तथा अमरिका बाई के पति थे।

---

### सभी राज्यों से कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी और उनके सलाहकार भाग लेंगे

# 17वां राष्ट्रीय गणित सम्मेलन आज से शिक्षक, अभिभावक होंगे शामिल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा**

खमरिया, भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकडरी स्कूल में 30 व 31 दिसम्बर को दो दिवसीय 17वां नेशनल मैथ्स कन्वेंशन का आयोजन किया गया है। इसकी मेजबानी दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल द्वारा की जायेगी। यह अविस्मरणीय नेशनल मैथ्स कन्वेंशन विद्यालय के प्रबंधक अश्वनी शर्मा, सह- प्रबंधक संदीप गोयल तथा प्रधानाचार्य योगेश पोपट के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है। जिला बलौदाबाजार, भाटापारा के इतिहास में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल पहला ऐसा विद्यालय होगा, जहां पहली बार राष्ट्रीय स्तर का मैथ्स कन्वेंशन (गणित सम्मेलन) कराया जा रहा है।

विदित हो कि गणित के इस विशाल सम्मेलन में इसरो के दस से अधिक वैज्ञानिक जैसे- आनंद कुमार पद्मश्री, फाउंडर ऑफ़ सुपर 30, ध्रुव कुमार तिवारी- डायरेक्टर दिल्ली पब्लिक एलिमेंट्री स्कूल इंदौर, चंद्रमौलि जोशी चेयरमैन- ऑल इंडिया रामानुजन मैथ्स क्लब, बी एन राव- मैथ्स गुरु, दिलीप भट्ट- साइंटिस्ट इसरो, गौरव टेकरीवाल- फाउंडर एंड प्रेसिडेंट वैदिक मैथ्स फॉरम ऑफ़ इंडिया, जे जे रावल- इंडियन सीनियर साइंटिस्ट गुजरात, सुनील वानखेडे- नेशनल प्रेसिडेंट हर घर बाल कलाम साइंटिस्ट इंडिया, एम एन कडापट्टी- इंडियन मैथमेटिशियन कर्नाटक, के के दीक्षित- गणितज्ञ व दार्शनिक, सी के घोष- प्रसिद्ध भौतिक शास्त्री, कोलोनल आर रामाराव- अश्विनी कुमार गर्ग- एनसीईआरटी प्रोफेसर एंड हेड मैथ भोपाल विद्यालय प्रांगण में उपस्थित हो चुके हैं। एक फेस-कॉन्फ्रेंस में इसरो के प्रबुद्ध वैज्ञानिक डॉ. दिलीप भाई भट्ट ने बताया कि किस प्रकार इसरो के वैज्ञानिक चंद्रग्रह पर भेजे गए चंद्रयान को वापस धरती पर लाने जैसे विषय पर शोध कर रहे हैं। ज्ञात हो कि डॉ. दिलीप भाई भट्ट पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के साथ कई सालों तक कार्य कर चुके हैं। इसी कड़ी में डॉ. गौरव टेकरीवाल ने वैदिक गणित को कैसे बड़ी सहजता से हल किया जाए, इस संबंध में अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी।

ज्ञात हो कि वैदिक गणित के इस प्रकरण पर प्रधानमंत्री से पिछले महीने चर्चा हो चुकी हैं। शेष अन्य विद्वानों नें भी अपने-अपने अनुभव क्षेत्र से संबंधित रोचक जानकारियां दीं। चंद्रमौलि जोशी (चेयरमैन ऑल इंडिया रामानुजन मैथ्स क्लब) इस पूरे महासम्मेलन की रूपरेखा तैयार करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस महासम्मेलन के सकुशल सफलता के लिए प्रबंधक अश्विनी शर्मा एवं संदीप गोयल, विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का अनुरोध भी किया। प्रबंतंत्र, प्रधानाचार्य तथा विद्यालय के सभी शिक्षक कार्यक्रम की रूप-रेखा तैयार करने में जुटे हुए देखे गए।

### 300 से अधिक विद्यार्थी ने भाग लिया

30 दिसम्बर को शुरू होने वाले इस इवेंट में देश के लगभग सभी राज्यों के कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के 300 से अधिक विद्यार्थी तथा उनके सलाहकार भाग लेंगे। इस दो दिवसीय नेशनल मैथ्स कन्वेंशन में लगभग 1200 से 10,000 दर्शकों के उपस्थित होंगे। इस दिन सुबह 10 बजे कार्यक्रम की ओपनिंग सेरीमनी (उद्घाटन) प्रबंधक अश्विनी शर्मा, सह-प्रबंधक संदीप गोयल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट के नेतृत्व में होगा। शाम को 6 से 8 बजे कल्चरल इवेंट (सांस्कृतिक कार्यक्रम) होगा, जिसमें विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थी अपने-अपने राज्यों के पारंपरिक परिधानों की प्रदर्शनी करेंगे। 31 दिसम्बर को अपराह्न 3 बजे क्लोजिंग सेरीमनी का आयोजन किया गया है। बाहर से आ रहे विद्यार्थियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था विद्यालय में ही की गई है।

---

## महाविद्यालय में मनाया गया वीर बाल दिवस

**हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा**

स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय खरोरा में वीर बाल दिवस प्राचार्य डॉ. डीके वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्राचार्य ने कहा कि भारत सरकार द्वारा वीर बाल दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य सिक्खों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादे जोरावर सिंह और बाबा फतेहसिंह के शहादत को याद कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साहू ने कहा कि सभी बच्चों को बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेहसिंह की तरह साहसी और निडर बनना है। अन्याय, अनाचार के समक्ष कभी घुटने नहीं टेकना है। हमें उनके आदर्शों, मूल्यों को आत्मसात कर जीवन में आगे अग्रसर होना है। इस अवसर पर प्राध्यापक एवं अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

**पटाखा फोड़ने से मना करने पर चाकू से हमला : महासमुंद।** पटाखा फोड़ने से मना करना पर दो लोगों ने एक अन्य पर चाकू से हमला कर दिया। प्रार्थी जागेश्वर प्रसाद पिता स्व. बृजलाल बाघ (45 साल) नयापारा महासमुंद ने साहिल कुरैशी और सोहेल कुरैशी को पटाखा फोड़ने से मना किया, जिस पर दोनों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्कों से मारपीट करते हुए धारदार चाकू से हमला कर दिया। धारा 294, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

---

## मर्राकोना में रंगमंच का लोकार्पण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा**

जिला पंचायत सदस्य रेणुका अभिनव यदु ने ग्राम मर्राकोना में रंगमंच का लोकर्पण किया। ग्राम मर्राकोंना में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रेणुका अभिनव यदु ने नवधा रामायण के शुभारंभ के दिन अपने जिला पंचायत मद से प्रदत्त नवीन रंग मंच का लोकार्पण किया। लोकार्पण में ग्राम के पुरोहित दोगेंद्र शर्मा द्वारा विधि विधान से पूजापाठ संपन्न किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य गंगोत्री पवन टंडन, सरपंच डागेश्वरी निषाद, विशिष्ठ अतिथि सरपंच प्रतिनिधि वीरेन्द्र निषाद, उपसरंपच पंकज मनिकपुरी, पंच सावित्री साहू, संतोष निषाद, शिव साहू, रामबंधु निषाद, राजकुमार साहू, विष्णु निषाद, गणपत निषाद, प्रेमलाल साहू, विनोद निषाद, रामायण निषाद आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

---

## व्यय ऑब्जर्वर रत्नेश ने विस प्रत्याशियों के साथ लेखा समाधान के लिए बैठक की

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार-सरसीवां**

विधानसभा चुनाव 2023 में नियुक्त जिले के व्यय प्रेक्षक रत्नेश कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष सारंगढ़ में लेखा समाधान बैठक आयोजित की गई। प्रेक्षक श्री सिंह ने सर्वप्रथम शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपन्न होने के लिए सभी को बधाई दी एवं जिले प्रशासन की पूरी टीम के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की इस पूरी प्रक्रिया में यह व्यय लेखा समाधान बैठक अंतिम चरण है, जिसे पूरा कर हम इसे समाप्त करेंगे। इसके पश्चात विधानसभावार विधानसभा सारंगढ़–17 और बिलाईगढ़–43 के समस्त अभ्यर्थियों की लेखा संबंधी विवरण दस्तावेज की जांच की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, कोषालय अधिकारी चन्द्रपाल सिंह ठाकुर एवं सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

---

## एनएसएस कैंप के समापन समारोह में शामिल हुए कुलपति डॉ. पटैरिया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़-बिलाईगढ़**

शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय कालेज सारंगढ़ द्वारा ग्राम कपरतूंगा में आयोजित एनएसएस कैंप के समापन समारोह में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ललित प्रकाश पटैरिया और डॉ. रेणु पटैरिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर कुलपति डॉ. पटैरिया ने एनएसएस स्वयंसेवकों को समाज में युवाओं की भूमिका एवं योगदान के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति सभी अपने कर्तव्य का पालन करें। इस दौरान स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए शिविर में स्वयं सेवकों द्वारा नशा मुक्ति समाज के लिए युवा विषय पर नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विमल कुमार पटेल, प्राचार्य डॉ. डीआर लहरे, सरपंच घनश्याम पटेल, एलएस पटेल, प्राध्यापक रामचंद्र भैना, कार्यक्रम अधिकारी पीताम्बर राय, सहसराम साहू, स्वयंसेवक मनीष रात्रे, दुर्गेश्वरी दास, डालेश्वर लहरे, राज लहरे, जितेंद्र साहू, जागृति बरेठ, भारती साहू, वंदना साहू, सागर पटेल, देवसागर गुरु, खिलेश बंजारे, तोपचंद जायसवाल उपस्थित थे।

### आज 18 ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**महासमुंद।** केंद्र शासन की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहे पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा नवाचारी योजनाओं द्वारा देश में हुए विकास कार्यों को आमजनों तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा 30 दिसम्बर को जिले की 18 ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जनपद पंचायत महासमंद में 30 दिसम्बर को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत सोरिद और बेमचा में सुबह 10 बजे एवं परसदा ब और मचेवा में दोपहर 2 बजे से शिविर लगाया जाएगा। जनपद बागबाहरा के ग्राम पंचायत गांजर और लमकेनी में 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत भदरसी और अनवरपुर में 2 बजे से, जनपद पिथौरा के ग्राम पंचायत घोघरा और बगारपाली में 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत घोंच और दुरूगपाली में दोपहर 2 बजे से, जनपद बसना के ग्राम पंचायत कायतपाली में 10 बजे से शिविर लगाया जाएगा।

---

## शराब छोड़ाबो गांव बचाबो जन चेतना पदयात्रा पहुंच रही गांव-गांव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार**

पूर्व जिला पंचायत सभापति मुरारी मिश्रा की शराब छोड़ाबो गांव बचाबो जन चेतना पदयात्रा के 5 वें दिन सुबह ग्राम रवान से पदयात्रा निकली गई, जो शराब से बर्बाद होते घर-परिवार एवं विनाश की ओर अग्रसर छत्तीसगढ़ के गांवों के बारे में अलग-अलग पाम्प्लेट बांटते हुए परसाभदेर, भाटागांव होते हुए जिला कलेक्टोरेट पहुंची।

उक्त कार्यक्रम में टेकसिंग ध्रुव, देवनारायण बंधे, पार्षद प्रतिनिधि शैलेंद्र अहीरवार, नानक लहरे, रीखी राम वर्मा, हीरा सिंग ध्रुव, राजेश यादव, विष्णु प्रसाद साहू, लोकनाथ साहू, समारू यादव, गोविंद साहू, हुरु साहू, सरस्वती वर्मा, प्रमिला ध्रुव, लक्ष्मी वैष्णव, रमा ध्रुव, लक्ष्मी वर्मा, मिथिला ध्रुव, विष्णु कोशले, मेघनाथ ध्रुव, मालिकराम यादव, विवेक वर्मा, पुनीत कुमार, मुकेश रजक, पुष्पेन्द्र वर्मा, जतिन भसगौरी, ओमेशकांत दीपक यादव, राजा यादव, कामदेव वर्मा, संजीव यादव, कृष्ण ध्रुव, वासु साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### शराबबंदी के लिए मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

इस दौरान गांव-गांव में बिक रही अवैध शराब के खिलाफ मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को शराबबंदी के लिए ज्ञापन सौंपा गया। गांव में अवैध शराब बेच रहे कोचियों के नाम की सूची पुलिस कप्तान बलौदाबाजार को सौंपी गई।पदयात्रा के दौरान गांवों में आने वाली मुलभुत समस्या पर भी बात रखी गई और बलौदाबाजार–भाटापारा मार्ग की बदहाली के कारण हो रही दुर्घटना एवं समस्या पर निराशा व्यक्त करते हुए शीघ्र कार्रवाई करने के लिए कहा गया। साथ में विभिन्न गांवों से आये महिलाओं ने भी अपने गांव के शराब कोचियों की शिकायत की।

---

## छात्रों ने भोरमदेव का भ्रमण कर जाना ऐतिहासिक धरोहरों का महत्व

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन**

- शिव मंदिर, छेरका महल, मड़वा महल के साथ पहाड़ी पर स्थित शिवलिंग का दर्शन किया

ज्ञानोदय उच्चतर माध्य विद्यालय हिरमी ने स्कूल के छात्रों को कवर्धा कबीरधाम जिले में स्थित भोरमदेव का दर्शन कराया। इसमें ज्ञानोदय के मिडिल स्कूल के लगभग 135 बच्चों ने भ्रमण कर भोरमदेव में स्थित शिव मंदिर, छेरका महल, मड़वा महल के साथ पहाड़ी पर स्थित शिवलिंग का दर्शन कराकर विस्तृत से भोरमदेव के बारे में बताया। पहली बार भ्रमण में गए बच्चों ने उत्सुकता के साथ शैक्षणिक भ्रमण का आनंद उठाए। वहीं हर बच्चों ने भोरमदेव स्थित स्थलों के बारे में जाना। विदित हो कि बच्चों को पढ़ाई के अलावा देश-दुनिया के बारे में जानकारी नहीं होती है। ऐसे में स्कूली पढ़ाई के दौरान किए गए शैक्षणिक भ्रमण बच्चों को हमेशा स्कूली जीवन की याद दिलाता है। भोरमदेव पहुंचकर बच्चों ने तरह–तरह की मुर्तियां, बरसों बने कला कृति व मंदिर के बारे में जाना। आरके बंजारे ने बच्चों को बताया इस मंदिर की बनावट खजुराहो तथा कोणार्क के मंदिर के समान है, जिसके कारण लोग इस मंदिर को छत्तीसगढ़ का खजुराहो भी कहते हैं। यह मंदिर एक एतिहासिक मंदिर है। इस मंदिर को 11वीं शताब्दी में नागवंशी राजा गोपाल देव ने बनवाया था। ऐसा कहा जाता है कि गोंड राजाओं के देवता भोरमदेव थे एवं वे भगवान शिव के उपासक थे। चेरकी महल एक और शिव मंदिर है, जो माधव महल के दक्षिण–पश्चिम में एक किलोमीटर की दूरी पर है, लेकिन इस मंदिर का निर्माण 14वीं शताब्दी ईस्वी में फणी नागवंशी राजवंश के दौरान किया गया था। यह मंदिर चेरों को समर्पित है, जो इस क्षेत्र में रहने वाले खानाबदोश चरवाहों का एक समूह था। इस दौरान शिक्षक दिलेश्वर मढ़रिया, ललित वर्मा, राजकपूर बंजारे, हरीश वर्मा, बिरेंद्र लहरे, नीरज वर्मा, जागेश्वरी मढ़रिया, रोशनी, श्वेता वर्मा सहित छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।

Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी ☎7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि : स्लीपर 7,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:- 7247-411411